## मंजूरी: बेरोजगार युवाओं और कलाकारों पर बिहार सरकार मेहरबान

# इंटर्नशिप में युवाओं को 4 से छह हजार रुपये मिलेंगे

**03** से 12 माह होगी इंटर्नशिप की अवधि

**18** से 28 साल के युवाओं को मौका

- कौशल विकास और बेहतर रोजगार के साथ कॅरियर संवर्धन के लिए बड़ी पहल

### कैबिनेट फैसला | 1

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** नीतीश सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले युवाओं, बेरोजगारों और कलाकारों के लिए खजाना खोल दिया है। राज्य के युवाओं को कौशल विकास और बेहतर रोजगार के साथ-साथ कॅरियर संवर्धन के लिए इंटर्नशिप की सुविधा दी जाएगी। इस दौरान उन्हें 4 से 6 हजार रुपये मासिक राज्य सरकार की ओर मिलेंगे। इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना शुरू होगी।

मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक में कुल 24 प्रस्ताव स्वीकृत किये गये। बैठक के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि पात्र उम्मीदवारों को 4 से 6 हजार रुपये का मासिक इंटर्नशिप मिलेगा। यह योजना 18 से 28 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए शुरू की जाएगी। उनको 3 से 12 माह की इंटर्नशिप दी जाएगी। यह अवधि प्रक्षेत्रों व नियोक्ता प्रतिष्ठानों की आवश्यकतानुसार निर्धारित की जाएगी। इसमें 12वीं पास को चार हजार, आईटीआई व डिप्लोमा छात्रों को पांच हजार और स्नातक व स्नातकोत्तर को छह हजार मासिक मिलेगा। वहीं, अजीविका मिशन से जुड़े छात्र जो गृह जिले में हैं उन्हें दो हजार व राज्य से बाहर जाने वालों के लिए पांच हजार रुपये मिलेंगे। यह तीन माह के लिए देय होगा। यह राशि उन्हें डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना बिहार के युवाओं को उन्नत कौशल, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व विकास, सशक्त नेटवर्किंग और कॅरियर संवर्धन के नए अवसर प्रदान करेगा। यह योजना युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य अनुभव प्राप्त करने में सहायक होगी। साथ ही उन्हें भविष्य में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाएगी।

देखें P 08

### राज्य में लागू होगी मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना



**इंटर्नशिप की राशि**

| | |
|---|---|
| 12वीं पास | 4000 |
| आईटीआई व डिप्लोमा | 5000 |
| स्नातक व स्नातकोत्तर | 6000 |

**24** प्रस्ताव को स्वीकृति मिली मुख्यमंत्री की अध्यक्षा में हुई कैबिनेट बैठक में

### एक लाख पांच हजार युवाओं को लाभ

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि वर्ष 2025-26 मे 5 हजार जबकि अगले पांच वर्षों मे वर्ष 2026-27 से 2030-31 के दौरान एक लाख युवाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। हर वर्ष 20-20 हजार युवाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता मे कमेटी गठित होगी। इसमें उद्योग विभाग, सीआईआई व फिक्की के भी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## वरिष्ठ कलाकारों को तीन हजार रुपये मासिक पेंशन

- मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना मंजूर
- गुरु-शिष्य परंपरा योजना भी प्रारंभ होगी

**2**

**पटना।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग से जुड़ी दो महत्वपूर्ण योजनाओं को भी स्वीकृति मिली। इसके तहत राज्य के वरिष्ठ और आजीविका संकट से जूझ रहे उत्कृष्ट कलाकारों को मासिक 3 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को स्वीकृति दी गयी।

इस योजना का लाभ उन्हीं कलाकारों को मिलेगा, जिनकी आयु 50 वर्ष या इससे अधिक हो। साथ ही सालाना आय 1.20 लाख से अधिक न हो और कलाक्षेत्र में 10 वर्ष का अनुभव हो। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, दुर्लभ और विलुप्तप्राय कला रूपों को संरक्षित व प्रचारित करने के लिए मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना प्रारंभ की जाएगी। इसके तहत विशेषज्ञों व गुरुओं के मार्गदर्शन में युवाओं को इन क्षेत्रों का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इस योजना पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक करोड़ 11 लाख 60 हजार रुपए व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी।

## सीतामढ़ी में सीता मंदिर के लिए 882 करोड़ मंजूर

- अगस्त तक इसका शिलान्यास कराने का निर्देश दिया :मुख्यमंत्री

**3**

**पटना।** पुनौराधाम में मां सीता के मंदिर के लिए 882.87 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत की गई है। यह जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद मंगलवार को ट्वीट कर दी। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा कि मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की योजना को कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई है। मैंने अगस्त महीने तक इसका शिलान्यास कराने का निर्देश दिया है। इसका श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तर्ज पर समग्र विकास किया जाएगा। पुराने मंदिर के उन्नयन के लिए 137 करोड़ और पर्यटन विकास के लिए 780 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा मंदिर के 10 साल के रखरखाव पर 16 करोड़ की राशि खर्च होगी।

**सौगात.** मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना समेत 24 प्रस्तावों को कैबिनेट ने दी मंजूरी

# पांच साल में एक लाख युवाओं को सरकार करायेगी इंटर्नशिप, हर माह ₹6000 मिलेंगे

संवाददाता, पटना

**राज्य** सरकार प्रदेश के युवाओं को उन्नत कौशल, बेहतर रोजगार क्षमता, सशक्त नेटवर्किंग और कैरियर के विकास को लेकर मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना शुरू करने जा रही है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दे दी गयी. इसमें राज्य के एक लाख युवाओं को 2025-26 से लेकर 2030-31 तक विभिन्न संस्थानों में इंटर्नशिप कराया जायेगा.

योजना के पहले वर्ष 2025-26 में राज्य के कुल पांच हजार युवाओं को इंटर्नशिप कराया जायेगा. इसके दौरान युवाओं को विभिन्न श्रेणी में 6000 रुपये तक इंटर्नशिप राशि भी दी जायेगी. इस योजना के साथ ही कैबिनेट ने कुल 24 प्रस्तावों पर सहमति दे दी. मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना पर एक लाख युवाओं के इंटर्नशिप पर राज्य सरकार का 685 करोड़ 76 लाख रुपये खर्च होगा. उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ 18-28 वर्ष आयु के युवा उठा सकेंगे. **देखें पेज 08 भी**



**सीएम ने ट्वीट कर मां सीता मंदिर के निर्माण के फैसले पर खुशी जतायी**

**इंटर्नशिप पर राज्य सरकार करेगी 685 करोड़ 76 लाख खर्च**

## 2025-26 से 2030-31 तक विभिन्न संस्थानों में इंटर्नशिप

### यह होगी योग्यता

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने बताया कि इंटर्नशिप का लाभ उन्हीं युवाओं को मिलेगा जिन्होंने कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण लिया हो या प्रमाणित हों. इसके लिए उनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, आइटीआइ, डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर हो. इसमें आवश्यकता अनुसार तीन माह से 12 माह की ट्रेनिंग दी जायेगी, जो संबंधित उद्योग और सरकारी संस्थानों की आवश्यकता के अनुरूप होगी. इसमें चयनित युवा संस्थानों में इंटर्नशिप का व्यावहारिक अनुभव लेंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी.

### इंटर्नशिप राशि के अलावा आजीविका राशि भी

मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12वीं पास प्रशिक्षित या प्रमाणित युवा को चार हजार रुपये मासिक इंटर्नशिप की राशि मिलेगी. आइटीआइ या डिप्लोमा पास युवा की मासिक इंटर्नशिप की राशि पांच हजार और स्नातक या स्नातकोत्तर पास इंटर्नशिप करनेवालों को छह हजार रुपये प्रति माह इंटर्नशिप की राशि मिलेगी. इसके अलावा अपने गृह जिला के अतिरिक्त किसी भी जिला में काम करने के लिए आजीविका सहयोग राशि दो हजार रुपये मासिक तीन माह तक के लिए मिलेगी. राज्य के बाहर इंटर्नशिप करने के लिए आजीविका की राशि पांच हजार रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त राशि के रूप में मिलेगी. यह राशि सभा लाभुक युवाओं के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जायेगी. पहले वर्ष में प्रदर्शन या प्रतिक्रिया के आधार पर फिर विचार कर घोषित राशि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है.

## माता सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम के विकास के लिए 882 करोड़ मंजूर

सीतामढ़ी जिला में माता सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम का समग्र विकास श्रीराम जन्म तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के अनुरूप किये जाने को लेकर एक बड़ी योजना की स्वीकृति दी गयी है. कैबिनेट की बैठक में इसके समग्र विकास को लेकर 882 करोड़ 87 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है. इस प्रस्तावित योजना में कार्य के कई घटक शामिल हैं. अपर मुख्य सचिव ने बताया कि मंदिर के वर्तमान परकोटा संरचना के उन्नयन पर 137.34 करोड़ और पर्यटकीय विकास संबंधित कार्य पर 728 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. इसके 10 वर्षों तक कंप्रिहेंसिव मेंटेनेंस पर 60 करोड़ खर्च होगा. मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर पुनौराधाम में मां सीता मंदिर के निर्माण के फैसले पर खुशी जतायी है.

## कलाकारों को तीन हजार मासिक पेंशन

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में निरंतर योगदान देनेवाले राज्य के वरिष्ठ और आजीविका संकट से जूझ रहे कलाकारों को सरकार अब तीन हजार रुपये मासिक पेंशन देगी. इसके लिए सरकार ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना की स्वीकृति दी है. इसके पात्र वहीं कलाकार होंगे जिनकी आयु 50 वर्ष से अधिक है और जिनका अनुभव जिला और राज्य स्तर पर 10 साल तक सक्रिय योगदान का होगा.

प्रभात खबर
Wednesday, July 2, 2025
Patna-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/68643fbc9c43301212f0da4f